फैक्स/अति आवश्यक/आजही निर्गत

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

1–तिलकमार्ग लखनऊ।

संख्याःडीजी–चार–101(13)2013 दिनॉकः जनवरी 20,2014

## आदेश

उ0प्र0 उपनिरीक्षक और निरीक्षक(नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2008 यथा संशोधित–2013 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत प्राधिकृत बोर्ड द्वारा दिनॉक 17.01.2014 को आहूत की गयी चयन समिति की बैठक में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस जितेन्द्र सिंह जनपद फैजाबाद को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाये जाने एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अनुमोदित किये जाने के आधार पर उन्हें तत्कालिक प्रभाव से वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है। श्री जितेन्द्र सिंह अपने नियुक्ति स्थान जनपद फैजाबाद के मुख्यालय/इकाई/शाखा पर कार्यभार ग्रहण करेंगे तथा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेंगे, जिसे नियमावली के प्राविधानों के अनुसार आगे बढाया जा सकता है। यदि श्री जितेन्द्र सिंह के वर्तमान नियुक्ति का स्थान स्थानान्तरण के कारण परिवर्तित हो गया हो तो वह अपने नये नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

2– पदोन्नति पाये निरीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह की निरीक्षक पद पर आगामी नियुक्ति/स्थानान्तरण एवं उनकी वरिष्ठता के संबंध में अलग से आदेश पारित किये जायेंगे।

3– पदोन्नति पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व कर्मी द्वारा इस आशय का स्वप्रमाणित घोषणा–पत्र दिया जायेगा कि उनके विरूद्ध पदोन्नति के आदेश के दिनॉक तक कोई विभागीय कार्यवाही/जॉच अथवा अपराधिक अभियोग लम्बित/प्रचलित नहीं है। यदि है तो कर्मी द्वारा उसका पूर्ण विवरण अंकित किया जायेगा। यदि उनके द्वारा घोषणा–पत्र में विभागीय कार्यवाही अथवा अभियोग लम्बित होने की कोई जानकारी दी जाती है अथवा वर्तमान में कर्मी निलम्बित चल रहा हो तो उन्हें कार्यभार ग्रहण कराने से पूर्व उनके प्रकरण समस्त विवरण के साथ इस मुख्यालय को सन्दर्भित कर स्पष्ट निर्देश प्राप्त कर लिये जाये।

4– सम्बन्धित कर्मी को सचेत किया जाता है कि यदि उनके द्वारा स्वप्रमाणित घोषणा–पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य पाया जाता है अथवा तथ्य छिपाया जाना पाया जाता है तो उनका पदोन्नति आदेश निरस्त कर उसके मूल पद पर पदावनत कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | पी0एन0ओ0 | उ0नि0 का नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि | पीटीसी बैच | नियुक्ति जनपद /इकाई | जोन | भर्ती का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 822700300 | जितेन्द्र सिंह | श्याम नरायन सिंह | 03–09–1959 | 1981–82 | फैजाबाद | LKW | 2008 |

H:\GO_MITING.doc

आदेश की प्रति उत्तर प्रदेश पुलिस की वेबसाइट uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

(वितुल कुमार)
पुलिस महानिरीक्षक(स्थापना)
उ0प्र0 लखनऊ

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,उ0प्र0 लखनऊ।
2– पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ जोन।
3– पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह चयन समिति द्वारा श्री जितेन्द्र सिह की निर्धारित की गयी वरिष्ठता निरीक्षक चन्द्रभान यादव पीएनओनं0–762350102 के वरिष्ठता कमांक–65/1127 के नीचे तथा निरीक्षक ना0पु0 श्री प्रियम्बदानाथ शुक्ला पीएनओनं0–822300773 के वरिष्ठता कमांक 66/1127 के ऊपर निर्धारित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
4– पुलिस उपमहानिरीक्षक फैजाबाद परिक्षेत्र।
5– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद फैजाबाद।